BACKGROUNDERS
Press Information Bureau
Government of India

# रोज़गार मेला

# नौकरियां, कौशल, विकास

**12 जुलाई, 2025**

- पहला रोज़गार मेला **22 अक्टूबर, 2022** को आयोजित किया गया था। इसमें 75,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए गए थे।
- अब तक पूरे देश में **रोज़गार मेले के 16 संस्करण** आयोजित किए जा चुके हैं।
- पूरे देश में रोज़गार मेलों के माध्यम से अब तक **10 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र** जारी किए जा चुके हैं।
- अभी हाल ही में 16वां रोज़गार मेला 12 जुलाई, 2025 को पूरे भारत में 47 स्थानों पर आयोजित किया गया था।
- **फरवरी 2024 में एक ही दिन में सबसे अधिक 1 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र** वितरित किए गए थे।

## परिचय




प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 12 जुलाई 2025 को आयोजित 16वें रोज़गार मेले के दौरान सरकारी विभागों और संगठनों में 51,000 से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। यह रोज़गार मेला पूरे देश में 47 स्थानों पर आयोजित किया गया। इससे युवाओं को केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और

विभागों में नौकरी प्राप्त करने में सहायता मिली। ये नई नियुक्तियाँ रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय तथा कई अन्य विभागों में हुई हैं। यह पहल पूरे देश में रोज़गार के अधिक अवसर पैदा करने और कार्यबल को मज़बूत बनाने के सरकार के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।




देश में रोज़गार की पहल को प्रोत्साहन देने के लिए, भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के अंतर्गत राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) पूरे देश में रोज़गार मेलों का आयोजन कर रहा है। इन आयोजनों का उद्देश्य बेरोज़गार युवाओं को निजी क्षेत्र में उपयुक्त रोज़गार के अवसर प्रदान करना है।

## रोजगार मेला: एक नज़र में

रोज़गार मेला आधे दिन का आयोजन होता है। इसमें नियोक्ता और नौकरी चाहने वाले नौकरी के लिए आवेदन करने और साक्षात्कार देने के लिए एकत्रित होते हैं। इस रोज़गार रणनीति का उद्देश्य नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं के बीच त्वरित संपर्क स्थापित करना है। इन रोज़गार मेलों के आयोजन के लिए, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी), क्षेत्रीय कौशल परिषद (एसएससी) और प्रधानमंत्री कौशल केंद्रों (पीएमकेके) के साथ मिलकर इस आयोजन में भाग लेने वाली निजी कंपनियों के साथ सहयोग करता है।

रोज़गार मेले मुख्य रूप से 18 से 35 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं को ध्यान में रखकर आयोजित किए जाते हैं। इन युवाओं के लिए विभिन्न शैक्षणिक योग्यताएँ निर्धारित हैं, जिनमें 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षा के साथ-साथ आईटीआई, डिप्लोमा और स्नातक डिग्री धारक भी शामिल हैं। इसमें राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढाँचे के मानकों को पूरा करने वाले प्रशिक्षित और प्रमाणित अभ्यर्थी भी सम्मिलित हैं।

रोज़गार चाहने वालों को विभिन्न माध्यमों, जैसे प्रिंट विज्ञापन, बड़े पैमाने पर एसएमएस, सोशल मीडिया और आयोजन स्थल के आसपास के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में कार्यशालाएँ आयोजित करके रोज़गार मेले के बारे में जानकारी प्रदान की जाती है।

**रोज़गार मेलों में रोज़गार प्रदान करने के अलावा, कई पूरक गतिविधियाँ भी शामिल हैं। इनमें सम्मिलित हैं:**

- नौकरी चाहने वालों और उनके अभिभावकों के लिए परामर्श सत्र
- नए कौशल विकास प्रशिक्षण (पीएमकेके/पीएमकेवीवाई) में युवाओं के पंजीकरण के लिए कौशल मेले
- मुद्रा ऋण सुविधा काउंटर और कौशल प्रदर्शनियाँ, जहाँ एसएससी अपने प्रशिक्षण मॉडल, उपकरण और नौकरी की भूमिकाएँ प्रदर्शित करते हैं।

एनएसडीसी द्वारा आयोजित रोजगार मेलों के अलावा, क्षेत्रीय कौशल परिषद, प्रधानमंत्री कौशल केंद्र और पीएमकेवीवाई प्रशिक्षण भागीदार जैसी संबद्ध एजेंसियां भी 18 से 35 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए देश भर में विभिन्न स्तरों पर रोजगार मेलों का आयोजन करती हैं।

**रोजगार मेले के लक्ष्य**

- युवाओं को सशक्त बनाना
- युवाओं को राष्ट्रीय विकास में योगदान के अवसर प्रदान करना
- नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं के बीच संबंधों में तेज़ी लाना
- पूरे देश में समान विकास के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करना

**रोज़गार मेले का योगदान**

- रोज़गार मेला नौकरी चाहने वालों को संभावित नियोक्ताओं और उद्यमिता सहित उपलब्ध रोज़गार के अवसरों की जानकारी प्रदान करता है।
- यह संगठनों को अनौपचारिक वातावरण में संभावित कर्मचारियों से मिलने का एक मंच प्रदान करता है।
- यह आयोजन कुशल अभ्यर्थियों को सीधे भर्तीकर्ताओं, मानव संसाधन प्रबंधकों, प्रवेश अधिकारियों और प्रशिक्षण प्रदाताओं से जोड़ता है।

## रोज़गार मेला: वर्ष-दर-वर्ष की मुख्य विशेषताएं

- राष्ट्रीय रोज़गार मेला का पहला संस्करण | 22 अक्टूबर, 2022

इस आरंभिक समारोह के दौरान 75,000 से अधिक नव नियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गये।



- [राष्ट्रीय रोज़गार मेला का दूसरा संस्करण | 22 नवंबर, 2022]()

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरे संस्करण में, वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 45 से अधिक शहरों में लगभग 71,000 नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र जारी किए।

- [राष्ट्रीय रोज़गार मेले का तीसरा संस्करण | 20 जनवरी, 2023]()

  इस संस्करण में, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 71,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

- [राष्ट्रीय रोज़गार मेले का चौथा संस्करण | 13 अप्रैल, 2023]()

  तिरुअनंतपुरम में आयोजित इस मेले में देश भर के 45 स्थानों पर 45 विभागों में विभिन्न पदों के लिए लगभग 71,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।




- [राष्ट्रीय रोज़गार मेले का पाँचवाँ संस्करण | 16 मई, 2023]()

  पाँचवाँ संस्करण महाराष्ट्र के मुंबई, पुणे और नांदेड़ में आयोजित किया गया। इसमें 71,000 से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए गए।

- [राष्ट्रीय रोज़गार मेले का छठा संस्करण | 13 जून, 2023]()

  असम के गुवाहाटी में आयोजित छठे रोज़गार मेले के दौरान लगभग 70,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।



- [राष्ट्रीय रोज़गार मेला का 7वाँ संस्करण | 22 जुलाई, 2023]

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने रोज़गार मेले के सातवें संस्करण में, गोआ से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से देश भर के 44 स्थानों को जोड़ते हुए 70,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए।

- [राष्ट्रीय रोज़गार मेला का आठवाँ संस्करण | 28 अगस्त, 2023]

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश में 45 स्थानों पर आयोजित आठवें रोज़गार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस आयोजन में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), असम राइफल्स, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के साथ-साथ दिल्ली पुलिस सहित विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में भर्ती प्रक्रिया को सुगम बनाया गया। प्रधानमंत्री ने नए रंगरूटों को अमृत काल का 'अमृत रक्षक' बताया था।

- [राष्ट्रीय रोज़गार मेले का 9वां संस्करण | 26 सितंबर, 2023]

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने रोज़गार मेले के नौवें संस्करण में, वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित किया और देश भर से आए लगभग 51,000 नवनियुक्त लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। यह कार्यक्रम देश भर में 46 स्थानों पर आयोजित किया गया।

- [राष्ट्रीय रोज़गार मेले का 10वां संस्करण | 28 अक्टूबर, 2023]

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दसवें राष्ट्रीय रोज़गार मेले के दौरान, विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नियुक्तियों के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। नए नियुक्त लोगों को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध एक ऑनलाइन मॉड्यूल, कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से अपने कौशल को बढ़ाने का अवसर भी दिया गया है, जो सुगम यानी "कहीं भी, किसी भी उपकरण" प्रारूप में 400 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम प्रदान करता है।

- [राष्ट्रीय रोज़गार मेला का 11वां संस्करण | 30 नवंबर, 2023]

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने रोज़गार मेले के 11वें संस्करण को संबोधित किया और वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लगभग 51,000 नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। चयनित कर्मचारियों को विभिन्न सरकारी मंत्रालयों और विभागों में नियुक्त किया गया। इनमें केंद्रीय सीमा शुल्क एवं उत्पाद शुल्क विभाग, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर विभाग, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सशस्त्र बल, भारत तिब्बत सीमा



पुलिस (आईटीबीपी), केंद्रीय विद्यालय संगठन, भारतीय डाक विभाग, बैंक ऑफ इंडिया और स्वास्थ्य विभाग आदि शामिल हैं।

- [राष्ट्रीय रोज़गार मेला का 12वां संस्करण | 12 फ़रवरी, 2024]

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने रोज़गार मेले के 12वें संस्करण में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 1 लाख से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। श्री मोदी ने इस कार्यक्रम के दौरान नई दिल्ली में एकीकृत परिसर "कर्मयोगी भवन" के पहले चरण की आधारशिला भी रखी।

- [राष्ट्रीय रोज़गार मेला का 13वां संस्करण | 29 अक्टूबर, 2024]

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने रोज़गार मेले के 13वें संस्करण को संबोधित किया और वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने नवनियुक्त युवकों को बधाई और शुभकामनाएँ भी दीं।

- [रोजगार मेले का 14वाँ संस्करण | 23 दिसंबर, 2024]

14वाँ रोज़गार मेला 23 दिसंबर, 2024 को पूरे देश के 45 स्थानों पर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया और विभिन्न सरकारी विभागों में नियुक्त हुए 71,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

- [रोज़गार मेले का 15वाँ संस्करण | 26 अप्रैल, 2025]

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 26 अप्रैल, 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रोज़गार मेले को संबोधित किया और विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में शामिल होने वाले युवाओं को 51,000




से

अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए।

## निष्कर्ष

रोज़गार मेला पूरे भारत के युवाओं के लिए रोज़गार को प्रोत्साहन देने के लिए एक प्रमुख सरकारी पहल है। यह मेला नौकरी चाहने वालों को सीधे नियोक्ताओं से जोड़ता है और बेरोज़गारी की समस्या से निपटने में सहायता करता है। इन मेलों के माध्यम से हज़ारों लोगों को नियुक्ति पत्र मिले हैं, जो रोज़गार सृजन के बारे में सरकार के दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है। प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम नव नियुक्त लोगों को उनकी भूमिकाओं के लिए तैयार भी करते हैं। रोज़गार मेला एक कुशल कार्यबल को आकार दे रहा है और भारत के विकास में सहायक हो रहा है।

### संदर्भ


**प्रधानमंत्री कार्यालय**

- https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1870216
- https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=2144191
- https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1877892
- https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1892383
- https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1924401
- https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1916109
- https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1924121
- https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1931879
- https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1941652
- https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1952836
- Press Release:Press Information Bureau
- https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1960744
- https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1972453
- https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1981592

- https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=2005170
- https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=2069104
- https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=2143931
- https://www.pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=2069104
- https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=2143931

**पीआईबी पृष्ठभूमि**

- https://www.pib.gov.in/PressNoteDetails.aspx?NoteId=153379&ModuleId=3

**एमजी/आरपीएम/केसी/एमकेएस/**